विद्युत अपग्रेड स्टेशन हटाने को लेकर खेरोदा उप तहसीलदार को दिया ज्ञापन

ग्रामीणों का फूटा आक्रोश, बंद रहा खेरोदा

खेरोदा (प्रातःकाल संवाददाता)। कस्बे में खेरोदा संघर्ष समिति के बैनर तले विद्युत अपग्रेड स्टेशन हटाने को लेकर खेरोदा उप तहसीलदार सूर्य प्रकाश गाचा को मुख्यमत्री के नाम का ज्ञापन दिया गया। इसमें उप तहसीलदार को खेरोदा कस्बे में लगने वाले 765 केवी विद्युत अपग्रेड स्टेशन को हटाने के संबंध में ज्ञापन दिया।

इस दौरान कस्बे में खेरोदा संघर्ष समिति के सदस्य एवं ग्रामीणों, महिलाएं, युवा सहित सैकड़ों की तादाद में ग्रामीणों ने रैली निकालकर खेरोदा बंद कर बस स्टैंड पर पहुंचे। जहां एक सभा आयोजित कर 765 केवी सब ग्रिड स्टेशन को हटाने का पुर जोर विरोध कर उप तहसीलदार को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में विद्युत अपग्रेड स्टेशन से होने वाली हानियों के बारे में जानकारी दी गई एवं उससे ग्रामीण क्षेत्रों में अत्यधिक नुकसान होने के बारे में कहा गया जिससे ग्रामीणों में आक्रोश है जल्द से जल्द इसको हटाने की मांग की है।

साथ ही कहा कि 70 साल में पहली बार वल्लभनगर विधानसभा में 765 केवी अपग्रेड स्टेशन जो कि केसरियाजी में लगना था वह खेरोदा की चारागाह भूमि पर सरकार द्वारा जबरन प्रस्तावित किया जबकि ग्राम पंचायत ने इसकी कोई NOC नहीं दी थी अगर ये सब ग्रेड स्टेशन खेरोदा में लगा तो लगभग 10km एरिया में विद्युत चुम्कीय तरंगों, हाइवोल्टेज लाईन का क्षेत्र बनेगा जिससे ग्राम

खेरोदा, वेटलैंड एरिया मेनार, अमरपुरा, नवनिया खरसान, भटेवर, बग्गर, रामखेड़ा, संग्रामपुरा व बासड़ा तक के गांव प्रभावित होगे। इससे घातक बीमारियां कैंसर ,हार्ट अटैक, स्ट्रोक जैसी ज्यादा बढ़ेगी। इस क्षेत्र में कृषि भूमि बंजर हो जाएगी एवं इसके कारण छोटे पशु पक्षी अभी जो दिखाई दे रहे हे वो सभी मारे जायेंगे। कृषि भूमि पर खेरोदा की चारों दिशाओं में बड़े बड़े टावर लगेगे जो टावर पूरी विधान सभा में लगते हुए निकलेंगे। जहां पर विद्युत अपग्रेड स्टेशन लगा रहा है वहीं तीन तालाब खेरोदा दुडेला तालाब, राठौड़ तालाब एवं मेनार तालाब भी उस परिसर में आ रहे है जिससे पर्यावरण एवं पशुधन को इससे हानि होगी। कस्बे के गांधी चौक में सुबह ग्रामीण एकत्रित होकर रैली के रूप में नारे लगाते हुए निकले ग्रामीणों ने खेरोदा बचाओ ग्रिड हटाओ नारे के साथ में आक्रोश से चल रहे थे। बस स्टैंड पर आकर सभी ने एक मत होकर कहा कि खेरोदा कस्बे में 765 ग्रिड सब स्टेशन नहीं लगेने देंगे इसके लिए बड़ी से बड़ी लड़ाई लड़ेगे। ग्रिड स्टेशन की तरंगों से बहुत हानिया होगी जिससे ग्रामीणों को भविष्य में बहुत दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा एवं पशु पक्षियों के लिए बहुत खतरा हो जाएगा। इससे पहले व्यापार मंडल ने भी अपने अपने व्यवसाय बंद कर रैली में भाग लिया और 765 केवी सब ग्रिड स्टेशन हटाने की मांग की वही ग्रामीणों ने सभा में विद्युत अपग्रिड स्टेशन का पुरजोर विरोध कर इस प्रोजेक्ट को हटाने की सरकार से गुजारिश की है।

भाविप दायित्व ग्रहण समारोह 8 को

सागवाड़ा (प्रातःकाल संवाददाता)। भारत विकास परिषद् राजस्थान दक्षिण प्रांत की प्रांतीय कार्यशाला एवं निम्बाहेड़ा शाखा का दायित्व ग्रहण समारोह का आयोजन परिषद की निम्बाहेड़ा शाखा के आतिथ्य में श्रीराम गोशाला एवं संस्कार केन्द्र अम्बामाता रोड, अम्बा नगर रविवार को होगा। प्रान्तीय अध्यक्ष मयंक दोसी एवं प्रांतीय महासचिव प्रशांत व्यास ने बताया कि अध्यक्षता राष्ट्रीय सहसंयोजक गतिविधि सेवा डॉ. जयराज आचार्य करेंगे। क्षेत्रीय अध्यक्ष सीए अरविन्द गोयल मुख्य अतिथि व क्षेत्रीय संयुक्त महासचिव कमल सुरेखा के विशिष्ठ अतिथि होगा। महासचिव व्यास ने बताया कि पंजीकरण एवं अल्पाहार सुबह साढ़े आठ बजे से, प्रांतीय कार्यशाला सुबह साढ़े नो बजे से शाम साढ़े पांच बजे तक, शाखा का दायित्व ग्रहण एक बजे से सवा बजे तक एवं भोजन दोपहर सवा बजे से दोपहर दो बजे तक होगा।

मन्दिर की ध्वजा एवं प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का किया सम्मान

झाड़ोल (प्रातःकाल संवाददाता)। पूर्बिया समाज के महाकाली मंदिर प्रांगण में प्रतिवर्ष की भांति आज सोमवार 2 जून को समाज के गोराना के हेमराज पूर्बिया के परिवार ने महाकाली मंदिर पर पूजा चढ़ाई। समाज के मीडिया प्रभारी खूबीलाल पूर्बिया ने बताया कि समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान ऊपरना ओढ़ाकर, मोमेंटो व प्रमाण पत्र देकर सम्मान किया। साथ ही महिला कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें अध्यक्ष कंचन देवी पूर्बिया, सचिव कला देवी पूर्बिया, संगठन मंत्री फूला देवी पूर्बिया, कोषाध्यक्ष पुष्कर देवी पूर्बिया को सर्वसम्मति से बनाया गया। सभी महिलाओं ने फ्री वेडिंग पर रोक लगाने की आवाज उठाई हाथ खड़े कर समर्थन दिया। इस प्रकार महिलाओं ने एकता,संगठन, व समाज के विकासात्मक मुद्दों पर चर्चा की। इस दौरान सम्मान समारोह में भाजपा मंडल अध्यक्ष शंकर लाल गायरी, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष लाल सिंह राणावत, विधानसभा संयोजक मनीष पुरोहित, एस टी मोर्चा जिला मंत्री बंशी लाल वडेरा झाडोल ग्राम पंचायत के सरपंच आशा देवी, उप सरपंच नीलमराज पुरोहित, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष देवीलाल गायरी, पूर्बिया समाज अध्यक्ष प्रभुलाल पूर्बिया, पूर्व संरक्षक लाभ चंद पूर्बिया, पूर्व अध्यक्ष दिलीप पूर्बिया सहित समाज के कई गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

वंदे गंगाः जल संरक्षण-जन अभियान में 345 करोड़ रुपए लागत के कार्यों का होगा लोकार्पण और शिलान्यास

जयपुर (कासं)। प्रदेश में जल संरक्षण और पर्यावरण संवर्धन की दिशा में आगामी 15 दिन अत्यंत महत्वपूर्ण साबित होंगे। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल पर 5 जून से वंदे गंगा: जल संरक्षण-जन अभियान का शुभारंभ होगा। इसमें जल संसाधन विभाग की ओर से 345 करोड़ रुपए से अधिक लागत की विविध परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया जाएगा। यह अभियान प्रदेशवासियों के लिए अनेक सौगातें लेकर आया है। इन परियोजनाओं से जल संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही, सिंचाई क्षमता का विस्तार और बाढ़ नियंत्रण व्यवस्था को सुदृढ़ किया जाएगा। इसके तहत जल संचयन संरचनाओं का निर्माण, जलाशयों का पुनरूद्धार, बांध, एनीकट, नहरों की मरम्मत, वर्षा जल संचयन संरचनाओं और पर्यावरण संवर्धन से जुड़े कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास

होगा। विभाग का यह प्रयास, जल प्रबंधन ढांचे को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

इनमें धौलपुर में रिहैबिलिटेशन ऑफ उर्मिला सागर मीडियम इरीगेशन प्रोजेक्ट, पार्वती बांध की सैपऊ ब्रांच का आरडी 2100 मीटर से 4300 मीटर तक व पार्वती मुख्य नहर एवं माकरा ब्रांच का जीर्णोद्धार कार्य, बसेड़ी तहसील में पार्वती नदी पर संजापुरी आश्रम के पास नवीन एनीकट निर्माण कार्य, बाड़ी तहसील में रिपेयर, रिनोवेशन एवं रेस्टोरेशन ऑफ उमरेह बांध एंड कैनाल, बामनी नदी पर आश्रम के पास सरमथुरा-बाड़ी रोड पर नवीन एनीकट निर्माण कार्य, पार्वती नदी पर बैनपुरा के पास नवीन एनीकट निर्माण कार्यों का लोकार्पण होगा।

साथ ही, अजमेर के रूपनगढ़ में स्थानीय नाले पर रूपनगढ़ से भादुण सड़क पर वैली रिम ब्रिज का निर्माण व साइड ड्रेन का निर्माण कार्य, दौसा में बड़ा गांव और समेल गांव के पास मोरेल नदी पर एनीकट निर्माण कार्य, श्रीगंगानगर में सूरतगढ़ ब्रांच आरडी 115.500 से 195 तक का जीर्णोद्धार कार्य, बांसवाड़ा की गढ़ी विधानसभा में परसोलिया वितरिका का जीर्णोद्धार कार्य, डूंगरपुर में बेणेश्वर धाम एनीकट कार्य, पाली में जवाई मुख्य नहर से निकलने वाली सिन्दरू बांध की फीडर के लाइनिंग कार्य और बीकानेर में लाखासर, रणधीसर, अगनेऊ, पन्नालाल बारूपाल लिफ्ट कैनाल से सम्बंधित कार्यों का लोकार्पण किया जाएगा।

विश्व पर्यावरण दिवस अभियान के अंतर्गत "Ending Plastic Pollution Globally" थीम पर

नगर निगम ग्रेटर जयपुर द्वारा ग्रीन प्लेज एवं कपडा बैग वितरण गतिविधि

जयपुर (कासं)। "Ending Plastic Pollution Globally" थीम के अनुरूप विश्व पर्यावरण दिवस अभियान के तहत, नगर निगम ग्रेटर जयपुर के सभी 7 ज़ोन में बुधवार को ग्रीन प्लेज (हरित शपथ) दिलाई गई। इस पहल का उद्देश्य प्लास्टिक प्रदूषण के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए सामूहिक जिम्मेदारी को प्रोत्साहित करना रहा। पूरे नगर निगम क्षेत्र में कुल 1700 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें निगम अधिकारी, सफाई कर्मचारी, नागरिक एवं पीआईयू टीम के सदस्य शामिल रहे। मुरलीपुरा ज़ोन के वार्ड क्रमांक 16 स्थित सब्जी मंडी में एक विशेष 'कपडा बैग वितरण' अभियान आयोजित किया गया। इन सभी ने सब्जी मंडी में उपस्थित नागरिकों को प्लास्टिक से होने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी दी एवं इसके प्रयोग से

बचने का संदेश दिया। 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में पेड़ लगाने और पर्यावरण संरक्षण हेतु हरित शपथ भी दिलाई जाएगी। यह अभियान नगर निगम ग्रेटर जयपुर की प्लास्टिक मुक्त एवं हरित भविष्य की दिशा में निरंतर प्रयासों और जनभागीदारी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

मण्डावर में महिला की हत्या पर देवगढ़ थाने पर ग्रामीणों ने दिया धरना

देवगढ़ (प्रातःकाल संवाददाता)। देवगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत मण्डावर के डुंगातो की गुआर व कनियातो की गुआर में 31 मई को एक बुजुर्ग महिला सोहनी देवी की हत्या के मामले में चार दिन से कोई कार्रवाई नहीं होने पर आक्रोषित ग्राम पंचायत मण्डावर क्षेत्र की महिलाओ सहित ग्रामीणों ने भीम उपप्रधान नारायण सिंह बग्गड़ के नेतृत्व में मंगलवार प्रात: देवगढ़ पुलिस थाने पर धरना देकर थानाधिकारी अनिल बिश्नोई को शीघ्र कार्रवाई करने के लिए ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि 31 मई को दिनदहाड़े सोहनी देवी की निर्मम हत्या करने के बावजूद आरोपियों का अभी तक पता नहीं लगा है और न ही गिरफ्तार किया गया है। इससे क्षेत्र में माहौल संवेदनशील हो गया है। पुलिस प्रशासन से मांग की है कि शीघ्र ही आरोपियों को पड़कर कानूनी कार्रवाई करें।

कल्याणपुर थाने में मारपीट का मामला दर्ज

कल्याणपुर (प्रातःकाल संवाददाता)। कल्याणपुर थानाअन्तर्गत क्षेत्र के टपाणा भीमपुर मंदिर के पास बाइक रोककर मारपीट का मामला दर्ज किया गया। हेडकास्टेबल दिलीपसिह ने बताया कि टपाणा निवासी किशनलाल पुत्र नाथुलाल मीणा ने कल्याणपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि वर्तमान चिकित्सा विभाग के अंतर्गत बीसीएमओ कार्यालय खेरवाडा में बीएनओ के पद पर कार्यरत है, जहां से अपने निवास स्थान टपाणा हर रोज आवाजाही करता है। 2 जून को प्रतिदिन की तरह शाम करीब 6:30 बजे खेरवाडा से टपाणा आ रहे था कि भीमपुर माताजी के मंदिर के पास में चार व्यक्तियों द्वारा जिनके हाथ में लठ्ठ, तलवार व कुल्हाड़ी थीं, मेरा रास्ता रोक लिया और मारपीट की।

फार्मासिस्ट के विलोपित किये गये पद एवं नये पद सृजित करवाने की मांग

चित्तौड़गढ़ (प्रातःकाल संवाददाता)। राजस्थान फार्मासिस्ट कर्मचारी संघ की जिला शाखा ने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र खींवसर के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन देकर फार्मासिस्ट के विलोपित किये गये पद एवं नये पद सृजित करवाने की मांग की है। ज्ञापन में बताया कि हाल ही में 817 फार्मासिस्टों की पदोन्नति फार्मासिस्ट ग्रेड प्रथम पर की गई है, लेकिन इस एवज में जिले के सबसे बडे चिकित्सालय से फार्मासिस्ट ग्रेड द्वितीय के 10 पद एवं विभिन्न सीएचसी सेटेलाईट हॉस्पीटल, टी.बी. क्लीनिक से बहुत सारे पद विलोपित हो गये है, जिससे इन संस्थाओं के मुख्यमंत्री नि:शुल्क दवा वितरण केन्द्र पर आमजन को दवा प्राप्त करने मे काफी परेशानी का सामना करना पड रहा है।

टीएसपी क्षेत्र में जनसंख्या अनुपात में आरक्षण और प्रशासनिक पदों पर प्रतिनिधित्व की मांग

डूंगरपुर (प्रातःकाल संवाददाता)। राजस्थान आदिवासी कांग्रेस के नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष गणेश घोघरा का कांग्रेस कार्यकर्ताओं ओर पदाधिकारियों ने स्वागत किया। घोघरा ने कहां कि कांग्रेस के राष्ट्रीय ओर प्रदेश नेतृत्व ने उन पर बड़ा भरोसा जताया है। इसके लिए उन्होंने सभी नेताओं का आभार जताया। घोघरा ने कहां प्रदेश के सभी आदिवासी जिलों,टीएसपी क्षेत्रों की प्रमुख समस्याओं ओर उनकी मांगों को पूरा करवाना उनकी पहली जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि टीएसपी क्षेत्र में जल, जंगल ओर जमीन का मामला हो या क्षेत्रीय समस्याएं उन्हें दूर करने का पूरा प्रयास करेंगे। वहीं, इस क्षेत्र की सबसे बड़ी मांग जनसंख्या के अनुपात में आरक्षण की है। इसे लागू करवाने के लिए वे हमेशा आवाज उठाएंगे। इसके साथ हो प्रशासनिक अधिकारी में भी आज तक टीएसपी क्षेत्र के आदिवासियों को लाभ नहीं मिला है। आरक्षण में विसंगति को दूर करने के लिए मांग रखेंगे। टीएसपी क्षेत्र में कांग्रेस के परंपरागत वोट बैंक खिसकने के सवाल पर घोघरा ने कहा कि ये बात सही है। क्षेत्रीय पार्टी ने आदिवासियों को गुमराह किया। उन्होंने कहा 100 प्रतिशत आरक्षण दिलाएंगे। जनरल की सारी जमीनें ले लेंगे। 8 वीं पास को नौकरी दिलाएंगे। ऐसे झूठे सपने दिखाकर युवाओं को गुमराह किया। इसके बाद आदिवासियों की एक भी मांग को पूरा नहीं करवा सके।

स्वच्छता अभियान में लापरवाही, मवेशी खा रहे पॉलिथिन

मेनार (प्रातःकाल संवाददाता)। वल्लभनगर पंचायत समिति की मेनार पंचायत में मवेशी कचरा और पॉलिथिन खाकर अकाल ही काल के ग्रास बन रहे हैं। घर-घर कचरा संग्रहण के लिए लगाया गया टेंपो द्वारा घरों से कचरा व प्रतिबंधित पॉलिथिन ले जाकर चरागाह भूमि पर डाला जा रहा है, जिसे मवेशी खाकर अकाल ही काल के ग्रास बन रहे हैं। इसको लेकर ग्रामीणों में खासा आक्रोश है। बता दे कि प्रात:काल में प्रकाशित खबर के बाद कलक्टर के निर्देश पर मेनार पंचायत में घर-घर से कचरा संग्रहण के लिए टेंपो लगाया गया। किन्तु घरों से ले जाने वाला कचरा पंचायत के जिम्मेदारो की लापरवाही के चलते एक एनिकट

में डाला जा रहा था। इसको लेकर भी प्रात:काल ने 27 अप्रेल को खबर का प्रकाशन किया। इसके बाद अधिकारी हरकत में आए और कचरा एनिकट में डालना बंद करवा दिया, लेकिन इसके बाद भी अधिकारियों और जन प्रतिनिधियों की मॉनिटरिंग के अभाव है। पंचायत के कर्ताधर्ताओं ने घरों से निकलने वाले कचरे को डालने के लिए पंचायत से कुछ दूरी पर चरागाह भूमि पर एक खड्डा जेसीबी से खुदवाया, लेकिन कचरा जिसमें प्रतिबंधित पॉलिथिन भी काफी अधिक है, उसे खड्डे में डालने के बजाय बाहर चारागाह भूमि पर ही डाला जा रहा है। इसे मवेशी खा रहे हैं और अकाल ही काल के ग्रास हो रहे है। पशु चिकित्सक का कहना है कि यह पॉलिथिन मवेशियों के लिए जानलेवा है। इस बारे में जब टेंपो पर लिखे नंबर पर संपर्क कर चरागाह भूमि पर कचरा डालने की बात कही तो उसने साफ कहा कि हमें तो ग्राम विकास अधिकारी ने जो स्थान बताया वहां डाल रहे हैं। यदि वह अन्य स्थान बता देंगे तो वंहा डालने लग जाएंगे। वहीं ग्राम विकास अधिकारी प्रभु लाल यादव ने बताया कि खड्डे में टेंपो फस जाता है और उनका यह भी सवाल था कि मवेशी किसके है? किन्तु सवाल अब यह है कि मवेशी किसके हैं का क्या तात्पर्य, जब चरागाह जमीन है तो मवेशी ही चरेंगे चाहे वह लावारिस हो अथवा किसी पशुपालक के।

इस बारें में जब गांव के ही सामाजिक कार्यकर्ता गोविन्द उदावत व अन्य ग्रामीणों ने कई बार मुख्य कार्यकारी अधिकारी रिया डाबी को कॉल कर जानकारी देनी चाही किन्तु उनके द्वारा कॉल ही नहीं उठाया गया।

कार्यालय नगर परिषद गंगापुर सिटी जिला सवाई माधोपुर (राज.)

क्रमांकः- 1411 दिनांकः- 04.06.2025

सार्वजनिक आपत्ति विज्ञप्ति

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नीचे लिखित आवेदको के आगे वर्णित स्थान पर पट्टा हस्तान्तरण चाहा गया है जो निम्न है-

क्र. स.	आवेदक का नाम व पता	क्षेत्रफल	आवासीय/ व्यवसायिक	आपत्ति प्रस्तुत करने का समय
1.	श्रीमती प्रेम देवी पत्नी स्व. श्री सम्पत राम जांगिड निवासी गंगापुर सिटी	91.66 वर्गगज	आवासीय	7 दिवस

अतः किसी व्यक्ति को उक्त खसरा नक्शे में पट्टा हस्तान्तरण देने में किसी प्रकार की आपत्ति हो तो उक्त वर्णित अवधि में परिषद में उपस्थित होकर लिखित रूप से पेश कर सकते है। अंदर अवधि में आपत्ति पेश नहीं होने पर अधोहस्ताक्षरकर्ता के द्वारा नियमानुसार पट्टा हस्तान्त रण जारी करने की कार्यवाही की जायेगी। इसके पश्चात् कोई भी आपत्ति नहीं सुनी जावेगी। सूचित रहें।

आयुक्त
नगर परिषद गंगापुर सिटी

कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सा.नि.वि. जिला खण्ड प्रथम, उदयपुर

पी.डब्ल्यू.डी. कैम्पस प्रथम तल गुलाब बाग रोड, निवर पॉवर हाउस उदयपुर - 313001
E Mail:-xenddudaipur.pwd@rajasthan.gov.in
Email:-eedd1pwdudaipur@gmail.com दूरभाष नम्बर 0294-2428933

क्रमांकः- 189 दिनांकः- 20.05.2025

NIT No. 02/2025-26
Notice Inviting Bid

Bids for "Various Road's & Building Construction, Renewal, Strengthening Works in various schemes in District Udaipur (Raj.) are invited from interested bidders upto 6.00 PM, Dated 06.06.2025 Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://erpc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) of the Rajasthan and http://pwd.rajasthan. gov.in website. The approximate value of the procurement is Rs. 133.35 Lacs.

NIB:- PWD2526A0735
UBN NO :- PWD2526WSOB02238 UBN No:- PWD2526WSOB02243 UBN No:- PWD2526WSOB02245
UBN No:- PWD2526WSOB02247 UBN No:- PWD2526WSOB02249 UBN No:- PWD2526WSOB02250
UBN NO :- PWD2526WSOB02251 UBN No :- PWD2526WSOB02252 UBN No:- PWD2526WSOB02253

(Ashok Kumar Upadhyay)
Executive Engineer
Public Works Department
Distt Dn I Udaipur

DIPR/C/6927/2025

बायो डीजल के नाम पर जहरीले तेल की बिक्री

राजसमंद (प्रातःकाल संवाददाता)। जिले में बायो डीजल के नाम पर अन्य अवैध जहरीले केमिकल के बढ़ते कारोबार पर कड़ा आक्रोश व्यक्त करते हुए राजसमन्द पेट्रोलियम डीलर्स वेलफेयर संस्थान से जुड़े व्यवसाइयों ने मंगलवार को जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा एवं उक्त अवैध गतिविधियों के खिलाफ ठोस कार्रवाई की पुरजोर मांग की। संस्थान अध्यक्ष कैलाश चौधरी के नेतृत्व में महासचिव हेमंत लड्ढ़ा, उपाध्यक्ष पुष्कर पाटीदार, जम्बू जैन, सचिव शैलेन्द्र जोशी, संगठन मंत्री परसराम बुनकर, अनिरूद्ध सिंह, राजेन्द्र पगारिया, अनिल पारीक सहित क्षेत्रभर से आए व्यवसायी कलेक्ट्रेट पहुंचे जहां उन्होंने जिला कलक्टर बालमुकुन्द असावा को ज्ञापन दिया। साथ ही उन्हें मौखिक रूप से भी वस्तुस्थिति से अवगत कराया।

जल संरक्षण में उपयोगी साबित हो रहा फार्म पॉन्ड एवं डिग्गी का उपयोग

भजनलाल सरकार द्वारा दी जाने वाली सब्सिडी से कृषक हो रहे लाभान्वित

जयपुर (कासं)। जल के बिना किसी भी प्रकार के जीवन और वनस्पति की कल्पना भी नहीं की जा सकती। वर्तमान समय में जल की कमी एक गंभीर समस्या बनती जा रही है। अल्पवृष्टि और अनियमित मानसून के कारण किसानों को सिंचाई के लिए जल की भारी कमी का सामना करना पड़ता रहा है। इस स्थिति में जल संरक्षण आवश्यक हो गया है। जल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए भजनलाल सरकार द्वारा 5 जून से 20 जून तक 'वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान' चलाया जा रहा है।

सिंचाई की आवश्यकता को पूरा करने में फार्म पॉन्ड और डिग्गी उपयोगी सिद्ध हो रहे- फार्म पॉन्ड एक कृत्रिम जलाशय है जिसे खेतों में वर्षा जल को एकत्र करने के लिए बनाया जाता है। यह एक गड्ढे के रूप में बनाया जाता है जिसे पॉलीथिन से लाइन किया जाता है ताकि जल का रिसाव न हो। इसके पानी का उपयोग सिंचाई, पशुओं के लिए पानी, मछली पालन आदि के लिए किया जाता है। फार्म पॉन्ड में वर्षा के जल को इकट्ठा कर जल की बर्बादी को रोका जाता है और सूखे के समय इसमें सिंचाई के लिए जल उपलब्ध रहता है। फार्म पॉन्ड मछली पालन द्वारा अतिरिक्त आय का स्रोत भी बनता जा रहा है। नहरी क्षेत्रों में पानी को इकट्ठा करने के लिए डिग्गी का उपयोग किया जाता है। जिसका निर्माण सीमेंट और ईंटों से किया जाता है। यह एक प्रकार की खुली टंकी होती है, जिसमें नहर या पाइप से जल लाकर एकत्र किया जाता है। राजस्थान जैसे सूखे या कम वर्षा वाले क्षेत्रों में फार्म पॉण्ड और डिग्गी से सिंचाई बहुत महत्वपूर्ण साधन है। इसके माध्यम से वर्षा जल को संग्रहित किया जा सकता हैं। फार्म पॉन्ड और डिग्गी जैसे जल संरक्षण उपाय आज की आवश्यकता है। यदि इन तकनीकों को व्यापक रूप से अपनाया जाए तो जल संकट की समस्या से काफी हद तक छुटकारा पाया जा सकता है। वर्तमान समय में राज्य सरकार द्वारा दी जाने वाली सब्सिडी का फायदा ले कर किसान इनका निर्माण तीव्रता से कर रहे हैं। हमें जल की महत्ता को समझते हुए हर संभव प्रयास करना चाहिए ताकि भविष्य की पीढ़ियों के लिए जल सुरक्षित रह सके।

फिट चित्तौड़ क्लब द्वारायोग शिविर सप्ताह का आयोजन पांच से

चित्तौड़गढ़ (प्रातःकाल संवाददाता)। फिट चित्तौड़ क्लब द्वारा 5 जून से योग सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना और योग को जन-जन तक पहुँचाना है। इस आयोजन में क्लब की महिला टीम भी सक्रिय रूप से भाग लेगी और विशेष योग सत्रों का संचालन करेगी।

योग सप्ताह के तहत प्रतिदिन प्रात: 6 बजे योगाभ्यास, प्राणायाम, ध्यान तथा स्वस्थ जीवनशैली पर आधारित कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी।योग सप्ताह का शुभारंभ क्लब संरक्षक सांसद सी पी जोशी 5 जून को प्रात: 6 बजे नेहरू गार्डन में करेंगे। जिसमें योग प्रशिक्षक, समाजसेवी एवं क्लब सदस्य भाग लेंगे। योग प्रतिदिन विभिन क्षेत्रों में अलग अलग स्थानो पर किया जाएगा। शिविर का आयोजन क्लब के वरिष्ठ शेखर शर्मा, परमजीत सिंह की देखरेख में होगा।

JM FINANCIAL

जेएम फाइनेंशियल एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड

कॉर्पोरेट पहचान संख्याः U67190MH2007PLC174287
पंजीकृत कार्यालयः 7वीं मंजिल, सेनर्जी, अप्पासाहेब मराठे मार्ग, प्रभादेवी, मुंबई 400025
संपर्क व्यक्ति : 1. पुनित बोहरा- 9413746022, 2. रोहन सावंत- 9833143013, 3. ज्योति सावंत- 022 - 6224 1676

ई-नीलामी बिक्री सूचना - ताजा बिक्री

पीरामल कैपिटल एंड हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और प्रतिभूति ब्याज अधिनियम, 2002 ('सरफेसी अधिनियम') की धारा 5 (1) (बी) के तहत सभी अधिकारों, स्वामित्व और ब्याज के साथ अंतर्निहित प्रतिभूति ब्याज के साथ ऋण (नीचे उल्लिखित ऋणों सहित) का एक पूल सौंपा है, जो जेएमएफएआरसी (जेएम) के पक्ष में 29 मार्च, 2023 ('असाइनमेंट एग्रीमेंट') के एक असाइनमेंट समझौते के तहत जेएमएफएआरसी-अरण्य-ट्रस्ट के ट्रस्टी के रूप में अपनी क्षमता में कार्य कर रहा है। यह सूचित किया जाता है कि पीसीएफएफएल को असाइनमेंट / सेवा अनुबंध के तहत सभी परिचालन और प्रक्रिया प्रक्रियाओं को सुविधाजनक बनाने के लिए सेवा प्रदाता / संग्रह एजेंट के रूप में कार्य करने के लिए अधिकृत और नियुक्त किया गया है।

उधारकर्ताओं से देय राशि की वसूली के लिए **सरफेसी अधिनियम, 2002** के तहत सुरक्षित ऋणदाता के अधिकृत अधिकारी द्वारा यहां उल्लिखित सुरक्षित संपत्ति पर कब्जा करने के लिए, अचल संपत्ति की खरीद के लिए अधोहस्ताक्षरी द्वारा प्रस्ताव आमंत्रित किए जाते हैं, जैसा कि यहां बताया गया है, जो भौतिक कब्जे में है, **'जैसा है जहां है के आधार पर', 'जैसा है जो है के आधार पर' और 'जो है वह है के आधार पर'**, जिनका विवरण नीचे दिया गया है:

कर्ज कोड/शाखा/ कर्जदार/ सह-कर्जदार / गारंटर	मांग सूचना दिनांक और राशि	संपत्ति का पता -अंतिम	आरक्षित मूल्य	बयाना राशि जमा (ईएमडी) (आरपी का 10%)	बकाया राशि (30.05.2025)
ऋण कोड संख्या: 05700002081, कोटा (शाखा), सुनील कुमार मेघवाल (उधारकर्ता), ममता बाई मेघवाल (सह-उधारकर्ता 1) सालगराम सालगराम (गारंटर 4)	दिनांक: 19-12-2019, रु. 5,76,157/- (रु. पाँच लाख छिहत्तर हजार एक सौ सत्तावन मात्र)	संपत्ति का पूरा टुकड़ा और पार्सल जिसकी सीमा है:- प्लॉट संख्या 52 श्री वृंदावन विहार, सेक्टर-बी थर्मल पावर प्लांट के पास, झालरापाटन, झालावाड़- 326001 सीमाएँ:- **उत्तर:** प्लॉट संख्या 53 **दक्षिण:** प्लॉट संख्या 51 प्लॉट संख्या 57 रोड	रु. 1,60,380/- (रु. एक लाख साठ हजार तीन सौ अस्सी मात्र)	रु. 16,038/-, (रु. सोलह हजार अड़तीस मात्र)	रु. 12,86,944/-, (रु. बारह लाख छियासी हजार नौ सौ चौवालीस मात्र)

ई-नीलामी की तिथि 26-06-2025. सुबह 11:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक (प्रत्येक 5 मिनट के असीमित विस्तार के साथ), बोली जमा करने की अंतिम तिथि: 25-06-2025, शाम 04:00 बजे से पहले।

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए कृपया प्रकाशित लिंक **https://www.jmfinancialarc.com/Home/Assets for sale** एवं **https://www.bankauction.in** देखें।

उधारकर्ता/गारंटर/बंधककर्ता को सरफेसी अधिनियम के तहत वैधानिक 15 दिनों की बिक्री नोटिस

उपर्युक्त उधारकर्ता/गारंटर को सूचित किया जाता है कि वे धारा 13(2) में उल्लिखित राशि को नीलामी की तारीख से पहले अर्जित ब्याज के साथ पूरी राशि का भुगतान करें, अन्यथा संपत्ति की नीलामी/बेच दी जाएगी और शेष बकाया, यदि कोई हो, चुका दिया जाएगा। उधारकर्ता/गारंटर से ब्याज और लागत सहित वसूल किया जाएगा।

दिनांक : 05 जून, 2025
स्थान : झालावाड़

हस्ता./- (प्राधिकृत अधिकारी)
(अरण्य - ट्रस्ट)